# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय
कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर, उत्तर प्रदेश-272202

# SIDDHARTH UNIVERSITY
Kapilvastu, Siddharth Nagar, U.P. 272202

Since-2015

E-Mail Id: registrar@suksn.edu.in, Mobile Number: 6388907621, www.suksn.edu.in


पत्रांक 2152 /सा0प्र0/सि0वि0वि0/2025 दिनांक 01/03/2025

**अतिमहत्वपूर्ण/समयबद्ध**

सेवा में,

**प्राचार्य**
**समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय**
**सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,**
**सिद्धार्थनगर।**

विषय– **"पढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय" आयोजन के सन्दर्भ में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या–1312/32–जी0एस0/2025 दिनांक 28 फरवरी, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से **"पढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय"** कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा **दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा कार्यक्रम** दिनांक 07.03.2025 को अपरान्ह 12:15 बजे विश्वविद्यालय एवं समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों में आयोजित करने की अपेक्षा की गयी है।

तद्क्रम में मा0कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि **"पढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय"** कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा **"दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा कार्यक्रम"** दिनांक 07.03.2025 को अपरान्ह 12:15 बजे अपनी संस्था में आयोजित करें तथा प्रतिभागी छात्रों का पंजीकरण कर उसकी उपस्थिति की सूचना एवं उपरोक्त दोनो कार्यक्रमों का 30 सेकेण्ड का विडियों तथा जी0आई0एस0 टैग फोटो विश्वविद्यालय की ई–मेल आई0डी0 doc@suksn.edu.in पर कार्यक्रम आयोजन उपरान्त 01 घंटे में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि ससमय राजभवन को प्रेषित किया जा सके।

**संलग्नक–प्रतिज्ञा का प्रारूप।**

भवदीय

01.03.25

**कुलसचिव**
**सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,**
**सिद्धार्थनगर।**

पत्रांक 2152 /सा0प्र0/सि0वि0वि0/2025 दिनांक 01/03/2025

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– प्रो0नीता यादव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2– वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3– निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
4– सम्बन्धित पत्रावली।

**कुलसचिव**

ई–मेल द्वारा

# राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0

**लखनऊ–226027**

संख्याःई– 1313/32–जी0एस0/2025

दिनांकः 28 फरवरी, 2025

प्रेषकः

**श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,**
**उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

कुलपति/निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान
**उत्तर प्रदेश।**

महोदय/महोदया,

कृपया दिनांक 13.02.2025 एवं 21.02.2025 को हुयी बैठक का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें माननीया कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा से सामाजिक कुरीतियों के अन्तर्गत दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को अपरान्ह 12:15 बजे से विश्वविद्यालय एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में एक साथ आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

2. **"दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा"** एवं **"नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा" दोनों शपथ कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को निर्धारित समय अपरान्ह 12:15 बजे से** विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों तथा गोद लिये गावों में एक साथ आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र–छात्राओं एवं अन्य प्रतिभागियों का पंजीकरण विश्वविद्यालय स्तर पर किया जायेगा, जिसमें प्रतिभागी का नाम, पता, मोबाइल संख्या आदि का स्पष्ट अंकन होगा।

3. इस सम्बन्ध में **"दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा"** एवं **"नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा"** का प्रारूप संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त दोनों शपथ कार्यक्रम आयोजित करते हुए कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या व प्रतिज्ञा में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या संलग्न निर्धारित प्रारूप पर भौतिक रूप से दिनांक 08.03.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक इस सचिवालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

28/2/25

**(डॉ. सुधीर एम. बोबडे)**
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव

संलग्नकः यथोक्त।

उत्तर प्रदेश

<u>दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा</u>

मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि विवाह के पवित्र बन्धन को दहेज रूपी सौदे से मुक्त रखूंगा। स्वयं दहेज न लूंगा और न ही दूंगा। दहेज लेने वालों और देने वालों का विरोध करूंगा और लोगों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराऊंगा। अपने परिवार, मित्रों, और समुदाय को दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूक करूंगा, पारिवारिक सम्बन्धों की मधुरता के प्रति संवेदनशील होने का दायित्वबोध कराऊंगा।

अपने जीवन में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से भारत को एक दहेज मुक्त, समतामूलक, जिम्मेदार और स्वस्थ विचारों का पोषक समाज बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा।

जय हिंद जय भारत

****************************

<u>नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा</u>

मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि किसी भी प्रकार के नशे अथवा मादक पदार्थ का सेवन न स्वयं करूंगा, न ही अन्य को प्रोत्साहित करूंगा । नशे से शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में परिवार मित्र, समाज व जन–जन को जागरूक करूंगा। किसी भी प्रकार के नशे के व्यापार की जानकारी मिलने पर मैं प्रशासन को इसकी सूचना दूंगा और कानूनी कार्यवाही का समर्थन करूंगा।

मेरा भारत देश एक नशा मुक्त, स्वस्थ, प्रगतिशील व समृद्ध राष्ट्र कहलाए इसके लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध रहूंगा।

जय हिंद जय भारत

28/12/25

# प्रारूप

| क्र0 सं0 | विश्वविद्यालय का नाम | विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों की संख्या | महाविद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों की संख्या | गोद लिये गये गावों में प्रतिभागियों की संख्या | अन्य प्रतिभागियों की संख्या | योग | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |